भारत सरकार

गृह मंत्रालय

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या993**

दिनांक 04.03.2015/13 फाल्गुन, 1936 (शक) को उत्तर के लिए

**बच्चों के विरुद्ध अपराध**

**993. श्रीमती अम्बिका सोनीः**

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विगत दो वर्षों के दौरान देश भर में बच्चों के विरुद्ध हुई अपराधों के सामने आए मामलों का ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या यह सच है कि देश में बच्चों के विरुद्ध अपराधों में वृद्धि हो रही है; और
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री **(श्री हरिभाई परथीभाई चौधरी)**

**(क) से (ग): राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के पास उपलब्ध सूचना के अनुसार, वर्ष 2011-2013 के दौरान बच्चों के प्रति अपराध के तहत क्रमश: कुल** 33,052 **मामले**, 38,172 **मामले और** 58,224 **मामले दर्ज किए गए जो बढ़ती हुई प्रवृति को दर्शाते हैं। वर्ष 2011-2013 के दौरान बच्चों के प्रति किए गए अपराध के तहत राज्य/संघ-राज्य क्षेत्र-वार पंजीकृत मामले, आरोप-पत्रित मामले, दोषसिद्ध मामले, गिरफ्तार व्यक्ति, आरोप-पत्रित व्यक्ति और दोष-सिद्ध व्यक्ति तथा वर्ष 2014 के अनंतिम आंकड़े निम्नलिखित लिंक में दिए गए हैं:-**

http://mha1.nic.in/par2013/par2015-pdfs/PQ-BS-993-CAC-6H-2011-13-Ann-I_020315.pdf

http://mha1.nic.in/par2013/par2015-pdfs/PQ-BS-993-MCS-CAC-2014-Ann-II_020315.pdf

****